KI

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

An ISO 9001:2008 Certified Agency

जितेन्द्र श्रीवास्तव, भा0प्र0से0
सचिव, स्वास्थ्य सह
कार्यपालक निदेशक

पत्रांकः– SHSB/GA/1549/20115/.....1909
पटना दिनांकः.....15/6/16

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें,
बिहार सरकार
सभी सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार

विषयः **परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत** Pre-registration of beneficiaries **तथा** Fixed Day Static Services (FDS) **के कार्यान्वयन एवं विहित प्रपत्र में प्रतिवेदित करने के संबंध में।**

प्रसंगः **राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का पत्रांक 590 दिनांक 24.04.2016 एवं ज्ञापांक 5516 दिनांक 25.08.2015**

महाशय / महाशया,

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2015–16 में बिहार राज्य द्वारा पूरे राष्ट्र में सर्वाधिक परिवार कल्याण ऑपरेशन सम्पादित किया गया है, जो कि आपलोगों द्वारा किये गये दिशाबद्ध प्रयास एवं लक्ष्य प्राप्ति के प्रति आतुरता का प्रतीक है।

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक 590 दिनांक 24.04.2016 के माध्यम से परिवार कल्याण ऑपरेशन की गुणवत्ता स्थापित करने, पूरे वर्ष लाभार्थियों को ससमय सेवा उपलब्ध कराने एवं समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने हेतु Fixed Day Static Services सुनिश्चित करते हुये इसे विहित प्रतिवेदन में राज्य स्तर पर भेजने हेतु निदेशित है, जिसे सभी जिलो द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है।

इसी क्रम में Fixed Day Static Services के सफल कार्यान्वयन हेतु विभिन्न स्तरों पर लक्ष्य का निर्धारण एवं पदाधिकारियों / स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं / अधिकृत स्वास्थ्य सेवकों / उत्प्रेरकों को जिम्मेवारी दिया जाना अनिवार्य है, जो निम्नवत हैः

1. राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक Fixed Day में आवश्यक mobilization किया जाना है। उक्त fixed day के पूर्व pre-registration of beneficiaries कराया जाय और तदानुसार उनका mobilization PHC स्तर पर सुनिश्चित किया जाय। कोशिश यही होनी चाहिये कि कम से कम 10–15 ASHA अपने beneficiaries के साथ आये। Preregistration का आधार RCH register के योग्य दम्पति सर्वे से संबंधित EC2 प्रपत्र होगा।
2. Pre-registration योजना संबंधित ज्ञापांक 5516 दिनांक 25.08.2015 में दिए गए प्रपत्र–1 के माध्यम से प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित आशा दिवस के दिन BCM/BHM को योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों की सूची आशा द्वारा हस्तगत करना है। BCM/BHM इसे प्रपत्र–2 में संकलित करते हुये आगामी दिनों में तृतीय सप्ताह के आशा दिवस के पहले निर्धारित Fixed Day Static Services के तहत् परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु समयबद्ध करेंगे। इसकी सूचना संबंधित आशा को देना सुनिश्चित करेंगे ताकि आशा उत्प्रेरित लाभार्थी को निर्धारित तिथि पर परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाएँ। तृतीय सप्ताह में निर्धारित आशा दिवस के दौरान आशाओं के द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्र–1 मे दर्ज योग्य एवं इच्छुक दम्पतियों को पुनः इसी तरह आगामी दिनों में अगले आशा दिवस के पहले निर्धारित Fixed Day Static Services


परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014,
दूरभाषः 0612-2290340, 2281545, फैक्सः 2290322,
वेबसाइटः www.statehealthsocietybihar.org

के तहत् परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु समयबद्ध करेंगे। यह पाक्षिक चक्र लगातार अनवरत करते हुए प्रक्रियाबद्ध रहेगा।

3. Fixed Day Static Services के सफल कार्यान्वयन एवं Follow up के उद्देश्य से साप्ताहिक एवं मासिक विहित प्रतिवेदन तैयार किया गया है, जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराया जा रहा है। बिन्दु 3 अन्तर्गत सम्पादित कार्यो को प्रखण्ड स्तर पर कार्यरत BCM/BHM के सहयोग से Data Opretor/M&E प्रत्येक शनिवार को पत्र के साथ संलग्न साप्ताहिक विहित प्रपत्र में संधारित करते हुये जिला स्वास्थ्य समिति को; प्रत्येक सोमवार को जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति के DCM/DPC के सहयोग से DM&E संकलित करते हुये क्षेत्रीय प्रबंधन इकाई को तथा प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के RM&E, DAC के सहयोग से जिलावार संकलित करते हुये परिवार कल्याण कोषांग के ई–मेल ddfp@statehealthsocietybihar.org तथा fpreportbihar@gmail.com पर अचूक रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि राज्य स्तर पर प्रत्येक वृहस्पतिवार को आयोजित सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में उक्त प्रतिवेदन का अवलोकन एवं समीक्षा किया जा सके। यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी।

4. साथ ही बिन्दु 4 में उल्लेखित साप्ताहिक कार्यों को पत्र के साथ संलग्न मासिक प्रपत्र में संकलित कर DM&E प्रत्येक माह के 3 तारीख तक क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबधन इकाई को भेजेगें तथा क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई RM&E, DAC के सहयोग से जिलावार संकलित करते हुये परिवार कल्याण कोषांग के उपरोक्त ई–मेल पर प्रत्येक माह के 5 तारीख तक अचूक रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,

14/6

(जितेन्द्र श्रीवास्तव)



परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014,
दूरभाष: 0612-2290340, 2281545, फैक्स: 2290322,
वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

के तहत् परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु समयबद्ध करेंगे। यह पाक्षिक चक्र लगातार अनवरत करते हुए प्रक्रियाबद्ध रहेगा।

3. Fixed Day Static Services के सफल कार्यान्वयन एवं Follow up के उद्देश्य से साप्ताहिक एवं मासिक विहित प्रतिवेदन तैयार किया गया है, जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराया जा रहा है। बिन्दु 3 अन्तर्गत सम्पादित कार्यो को प्रखण्ड स्तर पर कार्यरत BCM/BHM के सहयोग से Data Opretor/M&E प्रत्येक शनिवार को पत्र के साथ संलग्न साप्ताहिक विहित प्रपत्र में संधारित करते हुये जिला स्वास्थ्य समिति को; प्रत्येक सोमवार को जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति के DCM/DPC के सहयोग से DM&E संकलित करते हुये क्षेत्रीय प्रबंधन इकाई को तथा प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के RM&E, DAC के सहयोग से जिलावार संकलित करते हुये परिवार कल्याण कोषांग के ई–मेल ddfp@statehealthsocietybihar.org तथा fpreportbihar@gmail.com पर अचूक रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि राज्य स्तर पर प्रत्येक वृहस्पतिवार को आयोजित सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में उक्त प्रतिवेदन का अवलोकन एवं समीक्षा किया जा सके। यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी।

4. साथ ही बिन्दु 4 में उल्लेखित साप्ताहिक कार्यों को पत्र के साथ संलग्न मासिक प्रपत्र में संकलित कर DM&E प्रत्येक माह के 3 तारीख तक क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबधन इकाई को भेजेगें तथा क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई RM&E, DAC के सहयोग से जिलावार संकलित करते हुये परिवार कल्याण कोषांग के उपरोक्त ई–मेल पर प्रत्येक माह के 5 तारीख तक अचूक रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(जितेन्द्र श्रीवास्तव)

ज्ञापांकः 1909 पटना, दिनांक : 15/6/16

प्रतिलिपिः

– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
– डा0 एस0 के0 सिकदर, उपायुक्त एवं प्रभारी, परिवार कल्याण कोषांग, MoHFW, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।
– सभी जिला पदाधिकारी –सह– अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
– टीम लीडर, आशा रिर्सोस सेन्टर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
– सभी परिवार कल्याण जिला नोडल पदाधिकारी/ACMO को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
– परिवार कल्याण कार्यक्रम से संबंधित सभी सहयोगी संस्था को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/6

सचिव, स्वास्थ्य
सह
कार्यपालक निदेशक



परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014,
दूरभाष: 0612-2290340, 2281545, फैक्स: 2290322,
वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org